पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

प्रेस विज्ञप्ति
30 मई 2022

सीएसआर पहल के तहत पीएफसी ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की

नई दिल्ली, 30 मई 2022, पीएफसी, एक महारत्न कंपनी और भारत में ऊर्जा क्षेत्र की अग्रणी एनबीएफसी ने उत्तर प्रदेश के सिद्धाथनगर में स्थित माधवप्रसाद त्रिपाठी मेडिकल अस्पताल (एमपीटीएमसी) के परिसर में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना के लिए रू 4 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस अवसर पर पीएफसी और एमपीटीएमसी के बीच श्री आर. एस. ढिल्लों, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीएफसी, श्री मनोज शर्मा, कार्यपालक निदेशक - प्रभारी (वाणिज्यिक प्रभाग), श्री रिजवानुर रहमान, कार्यपालक निदेशक (सीएसआर एवं पीआर), डॉ. सलिल कुमार श्रीवास्तव, प्रिंसिपल-एमपीटीएम, श्री एम. प्रभाकर दास, मुख्य महाप्रबंधक (सीएसआर) और एमपीटीएमसी और पीएफसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

उत्तर प्रदेश में स्थित, सिद्धाथनगर की पहुँच 2 राष्ट्रीय राजमार्गों अर्थात एनएच 730 और एनएच 233 से है। प्रतिवर्ष लगभग 4500 दुर्घटना के मामले सिद्धाथनगर अस्पताल पहुंचते हैं, जिनमें से 3200 मामले सर से संबंधित हैं और अन्य गंभीर चोट के हैं। एमपीटीएमसी अधिकांश दुर्घटना के मामलों के लिए उपचार के पहले बिंदु के रूप में कार्य करेगा और साथ ही, सिद्धाथनगर के 25 किलोमीटर के दायरे के भीतर रेफरल के पहले बिंदु के रूप में भी कार्य करेगा।

ट्रॉमा सेंटर की स्थापना से चिकित्सा उपकरणों और संसाधनों की कमी के कारण उत्पन्न होने वाली मुसीबतों को करने में भी मदद मिलेगी, जिसके कारण कभी-कभी गंभीर मामलों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाती है।

इस परियोजना को 1 वर्ष की अवधि में कार्यान्वित किया जाएगा और इससे उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर और आसपास बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद मिलेगी। वित्तीय सहायता प्रदान करने के पीछे का उद्देश्य स्थानीय समुदायों के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और वितरण को मजबूत करना है जो सभी को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच, वहनीयता और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। पीएफसी का उद्देश्य समग्र स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए ग्रामीण/शहरी आबादी के बीच स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करना है।

भारत का अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट होने के नाते, पीएफसी स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक पहलों को वित्तीय सहायता प्रदान करके समाज का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हस्ता/-
(एस. एस. राव)
मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)